प्रादेशिक समाचार
12.09.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. झारखंड में अवैध खनन, परिवहन और भंडारण पर रोक लगाने को लेकर राज्य सरकार सख्त, जिला स्तर पर टास्क फोर्स सेल के गठन और चेकनाके बनाने का निर्देश।

2. जेएसएससी–सीजीएल के चयनित अभ्यर्थियों ने रांची में की प्रेसवार्ता, कहा– दोशियों पर कार्रवाई जरूरी, पर सभी चयनित अभ्यर्थियों की नौकरी रद्द करना उचित नहीं।

3. झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स की वार्शिक रिपोर्ट पेश, नई कार्यकारिणी के लिए कल रांची में होगा मतदान।

4. पूर्वी सिंहभूम जिले की पुलिस ने बड़े मोटरसाइकिल चोर गिरोह का किया खुलासा, 25 वाहन के साथ पांच अपराधी गिरफ्तार।

5. झारखंड बॉलिंग एसोसिएशन ने राष्ट्रमंडल खेल 2030 को लेकर तैयार की पांच वर्ष की कार्ययोजना, राज्य सरकार के सहयोग से सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की होगी शुरुआत।

*******************

झारखंड में अवैध खनन, परिवहन और भंडारण को रोकने के लिए राज्य सरकार ने कड़ा रुख अपनाते हुए सचिव अरवा राजकमल की अध्यक्षता में टास्क फोर्स की बैठक की। इस बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी जिलों में जल्द जिलास्तरीय टास्क फोर्स सेल का गठन होगा और अवैध परिवहन पर नजर रखने के लिए जगह–जगह चेकनाके बनाए जाएंगे। साथ ही हाईकोर्ट और एनजीटी के निर्देशों का पालन, खनन प्रहरी ऐप पर मिली शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई और थानों में जब्त खनिजों व वाहनों के त्वरित निष्पादन के निर्देश दिए गए।
बैठक में खनन निदेशक राहुल कुमार सिन्हा समेत परिवहन, पुलिस और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी तथा सभी जिलों के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक और खनन पदाधिकारी शामिल हुए।

*******************

जेएसएससी–सीजीएल के चयनित अभ्यर्थियों ने रांची प्रेस क्लब में प्रेस वार्ता कर परीक्षा और चयन को लेकर अपनी बात रखी। अभ्यर्थियों ने कहा कि उन्होंने वर्षों की मेहनत और पढ़ाई के बाद परीक्षा में सफलता हासिल की है। किसी भी गड़बड़ी की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और दोषियों पर कार्रवाई की जानी चाहिए, लेकिन सभी चयनित अभ्यर्थियों की नौकरी रद्द करना उचित नहीं है।

*******************

जेपीएससी और जेएसएससी भर्ती परीक्षाओं में कथित गड़बड़ी की सीबीआई जांच की मांग को लेकर गिरिडीह में भाजपा ने आज डीसी और एसपी कार्यालय का घेराव किया। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने परीक्षा में गड़बड़ी की सीबीआई जांच और छात्रों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने की मांग दोहराई।

*******************

कांग्रेस जातीय जनगणना में अन्य पिछड़ा वर्ग–ओबीसी के लिए अलग कॉलम की मांग को लेकर 16 सितंबर को रांची में पैदल मार्च निकालेगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि जनगणना फॉर्म में अनुसूचित जाति और जनजाति के लिए अलग कॉलम है, लेकिन ओबीसी के लिए ऐसा प्रावधान नहीं है।

*******************

झारखंड हाईकोर्ट ने कम्युनिटी हेल्थ में स्नातक की डिग्री हासिल करने वाले अभ्यर्थियों के पक्ष में फैसला सुनाते हुए राज्य सरकार को इन अभ्यर्थियों की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया है। अदालत ने वर्ष 2019 के गजट नोटिफिकेशन के आधार पर परीक्षा उत्तीर्ण करने की तिथि से चार हजार दो सौ रुपये का ग्रेड पे देने का आदेश दिया है।

*******************

सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति एम. एस. सोनक आज रामगढ़ जिले के प्रसिद्ध शक्तिपीठ रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्तिका मंदिर पहुंचे। दोनों न्यायाधीशों ने विधि–विधान से पूजा–अर्चना कर देश–दुनिया की खुशहाली की कामना की। उनके आगमन पर डीसी और एसपी ने स्वागत किया और पुलिस ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। वहीं, न्यायमूर्ति चंद्रशेखर ने आज देवघर बाबा मंदिर में भी पूजा अर्चना की।

*******************

झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की नई कार्यकारिणी के लिए कल रांची में मतदान होगा। इसे लेकर तैयारी पूरी कर ली गयी है। इससे पहले चैंबर की वार्षिक बैठक आज रांची स्थित चैंबर भवन में हुई। इसमें वार्षिक रिपोर्ट पेश करते हुए व्यापारियों की सुरक्षा, उद्योगों को बढ़ावा देने, युवाओं के कौशल विकास और सौर ऊर्जा के क्षेत्र में चैंबर की ओर से किए गए कार्यों की जानकारी दी गई।

*******************

पूर्वी सिंहभूम में वाहन चोरी के खिलाफ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। एसएसपी के निर्देश पर गठित एसआईटी ने बाइक और स्कूटी चोरी करने वाले गिरोह के पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की 25 मोटरसाइकिल और स्कूटी बरामद की है। ग्रामीण एसपी शुभम खंडेलवाल ने बताया कि यह गिरोह जमशेदपुर और आसपास के क्षेत्रों से वाहन चोरी कर ग्रामीण इलाकों में बेचता था।

*******************

रांची स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज दायित्व ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान नवनियुक्त भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष सीमा सिंह ने कार्यभार ग्रहण किया। इस मौके पर सीमा सिंह ने कहा कि आनेवाले दिनों में भाजपा महिला मोर्चा महिलाओं के साथ साथ आम जनता की हक की लड़ाई और मजबूती से आगे बढ़ाएगा।

*******************

गुजरात और दिल्ली में बम विस्फोट की धमकी देने वाले ईमेल के मामले में गुजरात की पुलिस टीम ने स्थानीय पुलिस के साथ देवघर में छापेमारी कर एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है। उससे गुप्त स्थान पर पूछताछ की जा रही है।

*******************

गिरिडीह जिले के पीरटांड़ प्रखंड मुख्यालय में आज झामुमो की ओर से दिवंगत नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार को श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धांजलि सभा में झारखंड सरकार के मंत्री चमरा लिंडा तथा पूर्व मंत्री बेबी देवी शामिल हुईं। मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि सुदिव्य कुमार के निधन से झारखंड को अपूरणीय क्षति हुई है।

*******************

झारखंड बॉलिंग एसोसिएशन ने 2030 में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों में राज्य के खिलाड़ियों की अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए पांच वर्ष की कार्ययोजना तैयार की है। रांची में आयोजित प्रेस वार्ता में संघ के सचिव मधुकांत पाठक ने बताया कि राज्य सरकार के सहयोग से जल्द ही सेंटर ऑफ एक्सीलेंस शुरू किया जाएगा।

*******समाप्त********